प्रेषक,

उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
हापुड़ (गाजियाबाद)

सेवा में,

1. जिला विद्यालय निरीक्षक
   जनपद गाजियाबाद एवं हापुड।
2. बेसिक शिक्षा अधिकारी
   जनपद गाजियाबाद एवं हापुड।
3. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी
   जनपद गाजियाबाद एवं हापुड।

पत्रांकः डायट 01/ 1028–30 /2021–22 दिनांकः.15.12.2021

विषयः शिक्षकों हेतु आई0सी0टी0 पुरस्कार प्रतियोगिता 2021–22 के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांकः रा0शै0/32730–990/2021–22 दिनांक 03 दिसम्बर 2021 का संदर्भ ग्रहण करें जो अधोहस्ताक्षरी के साथ–साथ आपकों भी सम्बोधित है, जिसमें शिक्षण एवं विद्यालय व्यवस्था में आई0सी0टी0 के प्रयोग को बढावा देने तथा शिक्षण में आई0सी0टी0 एवं नवीन तकनीकी विधाओं के प्रयोग द्वारा बच्चों के नामांकन, उपस्थिति एवं अधिगम सम्प्राप्ति को बढाने हेतु प्रयासरत शिक्षकों प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्राथमिक/उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों हेतु विगत 4 वर्षो से आई0सी0टी0 पुरस्कार प्रतियोतगिता का आयोजन किया जा रहा है विगत वर्ष से इस प्रतियोगिता को माध्यमिक स्तर तक विस्तारित किया गया है।

उक्त प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया जायेगा। प्रथम चरण जनपद स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा तथा द्वितीय चरण राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा आयोजित किया जाना है। इस प्रतियोगिता में प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हापुड पर दिनांक 28 दिसम्बर 2021 को कराया जायेगा।

उक्त के संबंध में आपसे अपेक्षा कि जाती है कि प्रतियोगिता का प्रचार प्रसार जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाये, जिससे अधिक से अधिक शिक्षकों द्वारा उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए अपने आई0सी0टी0 प्रयोगों को साझा करने का अवसर प्राप्त हो।

संलग्नकः उक्तवत्

नोटः प्रतियोगिता की विस्तृत सूचना हेतु डायट की Official website- www.diethapur.com पर visit करे।

भवदीय

उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
हापुड़ (गाजियाबाद)

प्रेषक,

निदेशक,
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं
प्रशिक्षण परिषद,उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

| | | |
|---|---|---|
| 1. उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य<br>जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,<br>समस्त जनपद, उ0प्र0। | 2. जिला विद्यालय निरीक्षक<br>समस्त जनपद, उ0प्र0। | 3. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी<br>समस्त जनपद, उ0प्र0। |

पत्रांकः राशै0/ 32730-990/2021-22 दिनांकः 03 ~~नवम्बर~~ दिसम्बर, 2021

**विषयः शिक्षकों हेतु आई0सी0टी0 पुरस्कार प्रतियोगिता 2021-22 के संबंध में।**

महोदय,

आप अवगत है कि वर्तमान समय में शिक्षा एवं कक्षा-शिक्षण में गुणवत्ता संवर्धन तथा शैक्षिक प्रबंधन में आने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान के विशिष्ट साधनों के रूप में सूचना एवं संचार तकनीकी (आई0सी0टी0) का प्रयोग सफलतापूर्वक किया जा रहा है। शिक्षक आई0सी0टी0 के प्रयोग द्वारा विद्यार्थियों को सही एवं प्रमाणिक जानकारी प्रभावी ढ़ंग से उपलब्ध कराते है तथा बच्चों में समझ, अवलोकन, विश्लेषण, अंतर करना आदि कौशलों का विकास करते है। इसके साथ ही आई0सी0टी0 का प्रयोग निम्नवत् कार्यो में भी किया जाता है-

1. सूचनाओं के आदान-प्रदान में।
2. ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन में।
3. विद्यालय प्रबन्धन में।
4. छात्रों के पंजीकरण एवं उपस्थितिमें।
5. हितधारकों के साथ संवाद में।

शिक्षण एवं विद्यालयी व्यवस्था में आई0सी0टी0 के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा शिक्षण में आई0सी0टी0 एवं नवीन तकनीकी विधाओं के प्रयोग द्वारा बच्चों के नामांकन, उपस्थिति एवं अधिगम सम्प्राप्ति को बढ़ाने हेतु प्रयासरत शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्राथमिक/उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों हेतु विगत 4 वर्षो से आई0सी0टी0 पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विगत वर्ष से इस प्रतियोगिता को माध्यमिक स्तर तक विस्तारित किया गया है।

कृपया प्रतियोगिता का प्रचार-प्रसार प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, जिला विद्यालय निरीक्षकों तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों तथा सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाय, जिससे अधिक से अधिक शिक्षकों द्वारा उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए अपने आई0सी0टी0 प्रयोगों को साझा करने का अवसर प्राप्त हो, साथ ही शिक्षक शिक्षण में आई0सी0टी0 का अधिक से अधिक प्रयोग करने हेतु प्रेरित हों।

आई0सी0टी0 प्रतियोगिता हेतु दिशा-निर्देश पत्र के साथ संलग्न हैं।

**संलग्नक-उक्तवत्।**

भवदीय,

3.12.2021

डॉ0(सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह)
निदेशक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं
प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।

पृ0सं0–राशै0 / 32730-990 /2020–21तद्दिनांक।

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. शिक्षा निदेशक(माध्यमिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. अपर परियोजना निदेशक, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, लखनऊ।
5. संयुक्त शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त प्रतियोगिता का वृहद स्तर पर प्रचार–प्रसार करते हुए अपने मण्डल के समस्त जनपदों के माध्यमिक विद्यालयों केअधिक से अधिक शिक्षकों को उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु प्रेरित किया जाय, जिससेशिक्षकों को आई0सी0टी0 आधारित प्रयासों को साझा करने का अवसर प्राप्त हो सके।
6. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक),समस्त मण्डल, उ0प्र0को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त प्रतियोगिता का वृहद स्तर पर प्रचार–प्रसार करते हुए अपने मण्डल के समस्त जनपदों के परिषदीय विद्यालयों के अधिक से अधिक शिक्षकों को उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु प्रेरित किया जाय, जिससेशिक्षकों को आई0सी0टी0 आधारित प्रयासों को साझा करने का अवसर प्राप्त हो सके।।
7. प्रशासनिक अधिकारी, परिषद मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।

3.12.2020

**डॉ0(सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह)**
निदेशक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं
प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।

## आई0सी0टी0 प्रतियोगिता हेतु दिशा–निर्देश

प्राथमिक / उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिये आई0सी0टी0 प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जायेगी–

**प्रथम चरण–**

1. प्रथम चरण की प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानोंमें किया जाएगा।
2. प्रतियोगिता में प्राथमिक / उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।
3. जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान द्वारा शिक्षकों से शिक्षण–अधिगम में आई0सी0टी0 आधारित प्रयासों काप्रस्तुतीकरण कराया जायेगा। प्रस्तुतीकरण की अवधि अधिकतम 07 मिनट होगी।
4. जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन / प्रस्तुतिकरण में सोशल डिस्टेसिंग तथा कोविड–19 के सुरक्षा मानकों (प्रोटोकाल) सुनिश्चित किया जाये।
5. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रतिभागी शिक्षकों के स्वयं एवं शिक्षा के अन्य हितकारकों के व्यवसायिक विकास, शिक्षण अधिगम में सुधार और समुदाय एवं विद्यालयों में शिक्षा की सम्पूर्ण गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी हेतु किये गये प्रयासो की साक्ष्यों सहित प्रस्तुतीकरण के मूल्यांकन के आधार पर चयन किया जाय।
6. जनपद स्तर पर 02 शिक्षकों (एक महिला एवं एक पुरूष) का चयन किया जायेगा।
7. जिला शिक्षा एवं प्राशिक्षण संस्थान द्वारा दिनांक 30 दिसम्बर, 2021 तक प्रतियोगिता आयोजित करायी जाये।
8. प्रतिभागी शिक्षकों के प्रस्तुतीकरण के मूल्यांकन हेतु डायट स्तर पर तीन सदस्यीय विशेषज्ञों की एक समिति बनायी जाय। समिति मेंजनपद में स्थित विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों, पॉलीटेक्निक संस्थानों के विशेषज्ञों को रखा जाय। जिनके द्वारा निम्नवत् बिन्दुओं के आधार पर मूल्यांकन करते हुएशिक्षकों का चयन किया जायेगा –

**आई0सी0टी0 प्रतियोगिता चयन प्रारूप–**

| क्र. सं. | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|
| 1. | क्या आपने शिक्षण में आई0सी0टी0 के प्रयोग आधारित किसी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया है ?(यदि हाँ तो विवरण दें) | 2 | |
| A | प्रतियोगिता का नाम | | |
| B | आयोजक का नाम | | |
| C | वर्ष | | |
| D | पुरस्कार प्राप्त किया या नही ? | | |
| 2. | शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में आप द्वारा आई0सी0टी0 प्रयोग का नामांकन, उपस्थिति एवं सम्प्राप्ति में हुई वृद्धि का विवरण प्रतिशत में दें। | 10 | |
| A | नामांकन में | | |
| B | उपस्थिति में | | |
| C | बच्चों की सम्प्राप्ति बढ़ाने में | | |
| 3. | क्या एस0सी0ई0आर0टी0, उ0प्र0 द्वारा दीक्षा पोर्टल पर अपलोड किये गये कोर्स पूर्ण किये गये।विवरण दें। | 5 | |
| A | ऑनलाइन किये गये कोर्स का नाम | | |
| B | कोर्स पूर्ण करने की अवधि | | |
| 4. | क्याआप द्वारा एस0सी0ई0आर0टी0 उ0प्र0 द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद की पाठ्यपुस्तकों में QR code का निर्माण में योगदानदिया गया है? यदि हाँ तो उसका विवरण दें।(अधिकतम 50 शब्दों में) | 5 | |
| 5. | क्या आप द्वारा परिषदीय प्राथमिक / उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संचालित पाठ्यपुस्तकों में दिये गयेQR codeका प्रयोग कर उनमें दी गयी शिक्षण सामग्री का प्रयोग शिक्षण में किया गया है? यदि हाँ तो विवरण दें। | 2 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **6.** | क्या आप द्वारा एस0सी0ई0आर0टी0, उ0प्र0 के यूट्यूब चैनल हेतु शैक्षिक साम्रगी के निमार्ण में योगदान दिया गया? यदि हाँ तो कार्यक्रम का नाम/लिंक आदि का विवरण दें। | 5 | |
| **7.** | क्या आप द्वारा एस0सी0ई0आर0टी0, उ0प्र0 के यूट्यूब चैनल पर अपलोड शैक्षिक सामग्री को देखा गया है ? यदि हाँ तो विवरण दें। | 2 | |
| **8.** | आई0सी0टी0 के अपने व्यक्तिगत उपयोग का वर्णन करें। | 3 | |
| **A** | आई0सी0टी0 प्रयोग का प्रारम्भ करने का वर्ष | | |
| B | कितने वर्षो से प्रयोग कर रहे हैं | | |
| **C** | प्रयोग की आवृत्ति | | |
| | प्रतिदिन | | |
| | साप्ताहिक | | |
| | कभी–कभी | | |
| | विशेष अवसर पर | | |
| **9.** | विद्यालय में आई0सी0टी0 वातावरण के संबंध में संक्षिप्त विवरणः | 3 | |
| **A** | आई0सी0टी0 हार्डवेयर (List of equipment as laptop,smart phone,tablet,projector and thier quantity) | | |
| **B** | सॉफ्टवेयर (list of all software application) | | |
| **C** | इंटरनेट (Type of availibility and location) | | |
| 10. | आपके द्वारा कक्षा शिक्षण में कौन–कौन सी मूल्यांकन विधियां प्रयोग की गयी जो आई0सी0टी0 के प्रयोग के प्रभाव का दर्शाती हैं। मूल्यांकन संबंधी कार्य की प्रति संलग्न करें। | 4 | |
| **11.** | कक्षा–शिक्षण में ICT Integrationद्वारा गुणवत्ता संवर्द्धन हेतु आपकी भविष्य की क्या योजना है।(अधिकतम 80 शब्द) | 4 | |
| **12.** | आप द्वारा वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में किये गये ICT Integrationशिक्षण अधिगम गतिविधियों/नवाचारों के प्रयोग का विवरण निम्नवत् प्रारूप पर साक्ष्य सहित संलग्न करें। | 5 | |

प्रारूप–

| वर्ष | कक्षा व विषय | गतिविधि/नवाचार |
|---|---|---|
| | | |

नोट–

शिक्षक आई0सी0टी0 के प्रयोग संबंधी उक्त बिन्दुओं से संबंधित सपोर्टिंग डॉक्यूमेण्टस एवं साक्ष्य संलग्न करें।यह साक्ष्य प्रस्तुतीकरण के समय शिक्षक द्वारा प्रस्तुत किये जाने होगें। आपसे प्रस्तुतीकरण के दौरान उक्त बिन्दुओं यथा– ऑनलाइन कोर्स, क्यू आर कोड के उपयोग/एस0सी0ई0आर0टी0, उ0प्र0 के यूट्यूब चैनल/दीक्षा पोर्टल पर अपलोड सामग्रीआदि के आधार पर भी प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

समिति द्वारा दिये गये प्राप्तांक के आधार परसर्वोच्च अंक प्राप्त 02 शिक्षकों (एक महिला एवं एक पुरूष) के नाम निम्नवत् प्रारूप पर दिनांक **15.01.2022** तक एस0सी0ई0आर0टी0, उ0प्र0, लखनऊ की ईमेल-**scertup2020rlec.chemistry@gmail.com**पर उपलब्ध कराये जायें ।

| क्र.सं. | प्रतिभागी शिक्षक का नाम व पदनाम | विद्यालय का नाम | मोबाइल नं0 | ई–मेल | पूर्णांक | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | |
| 2. | | | | | | |

**द्वितीय चरण–**

- जनपद स्तर पर चयनित शिक्षक/शिक्षिकाओं को राज्य स्तर पर आयोजित आई0सी0टी0 प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु आमन्त्रित किया जायेगा।
- राज्य स्तरीय आई0सी0टी0 प्रतियोगिता फरवरी, 2022 के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। प्रतियोगिता की तिथि बाद में निर्धारित करते हुए सूचित किया जायेगा।
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता ऑफलाइन प्रारूप में आयोजित की जायेगी है।